
# Pradhanmantri College of Excellence
# Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP)

In collaboration with

## Centre for Entrepreneurship Development (CEDMAP), Harda

Jointly organizes




## 60 Hours Short Term Employability Training programme
## on
# Personality Development & Soft Skills

Under Swami Vivekananda Career Guidance Scheme

(Scheme No. 7851)

Session: 2024-25







Information Brochure

**Designed by**
**Dr. Rakesh Singh Paraste**
**Assistant Professor (English) & TPO**
Swami Vivekananda Career Guidance Cell
Pradhanmantri College of Excellence
Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP)

**Brief About College:**

Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) was established in 1963. Recently the college has been promoted as Pramanmantri College of Excellence by the Department of Higher Education, Govt. of Madhya Pradesh in 2024. Now, it is known as Pradhanmantri College of Excellence, Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) as well as this is the lead college of the Harda district which is affiliated to Barkatullah University, Bhopal M.P., and is recognized by the University Grants Commission under 2(f) and 12(B) of UGC Act 1956. At present, the college offers five undergraduate courses and nine post graduate courses to enable young scholars with an eclectic, holistic and quality education and impart value based knowledge amongst the students to this area. The college provides comprehensive information to the students about its goal, objectives, admission rules, and courses offered, fee structure, scholarship and facilities through its prospectus, calendar and website. Students have independent to opt any kind of courses are available in our institution as per NEP-2020. The college is approved as a Research Centre also in the subjects of Commerce, Hindi and History.

**Swami Vivekananda Career Guidance Cell at a Glance:**

Swami Vivekananda Career Guidance Scheme (SVCGS) is one of the 'Ambitious Scheme' of the Department of Higher Education, Govt. of Madhya Pradesh which provides comprehensive guidance and support to students and professionals to make informed decisions about their careers. In this college, the Swami Vivekananda Career Guidance Cell is established as per the Guidelines of the Department of Higher Education and actively involved to organize Short term Employability Training programmes, Open campus drives, Rojgar Mela, Skill-development Training programmes. The cell offers free career counselling sessions, aptitude tests, and personality assessments to identify individual SWOT analysis. The SVCGS also organizes workshops, seminars, and career fairs to facilitate interaction between students and industry experts as well as conduct Industrial and Educational tours as well. Its main objective is to empower students to make employable as per their job interests and achieve their career goals, thereby contributing to the overall development of the students. Many students get placements in both Government and private sectors every year from the college. Dr. Rakesh Singh Paraste, Assistant Professor (English) is the Training and Placement Officer (TPO) and Dr. Dheera Shah, Assistant Professor (History) is a District Nodal Officer (DNO) Harda of the SVCGS Cell.

**Introduction of the Training Programme:**

The 60 Hours Short Term Employability Training Programme on **"Personality Development & Soft Skills"** programme is organized by the Swami Vivekananda Career Guidnace Cell of Pradhanmantri College of Excellence, Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) in collaboration with CEDMAP, Harda during 15.07.2024 to 29.07.2024 which is Sponsored by the Department of Higher Education, Govt. of Madhya Pradesh under the scheme of Swami Vivekananda Career Guidance Cell under scheme no. 7851 for the First Quarterly of the Academic Career Calendar session 2024-25.

In today's competitive job market, having the right skills and qualities is essential to succeed. Employers are no longer looking for just technical skills, but also for individuals with strong personalities and soft skills that can help them work effectively in a team, communicate effectively, and adapt to changing circumstances. The training will be delivered by experienced trainers/Subject Experts who have a deep understanding of the industry requirements and the needs of employers. The programme is divided into two main modules: Personality Development and Soft Skills.

The 60 Hours Short Term Employability Training programme on Personality Development & Soft Skills is a comprehensive initiative designed to equip college students with the essential skills and knowledge required to succeed in today's competitive job market. The programme is specifically designed to help the students to develop a well-rounded personality, showcasing their full potential and preparing them for the professional world. The training aims to bridge the gap between theoretical knowledge and practical skills, making them employable and industry-ready.

The programme covers a range of modules that are critical for personal and professional growth. The first module focuses on Communication Skills, enabling students to articulate their thoughts effectively, build strong relationships, and convey their ideas confidently. The next module, Computer Skills, equips students with basic computer literacy skills, including MS Office applications, Excel, Power point presentation, data analysis, and digital communication tools. This is followed by a Mock Interview session, where students practice their interview skills, learn how to answer common interview questions, and develop a positive body language.

The programme also places significant emphasis on developing a professional Dressing Sense, as it is an essential aspect of making a good impression in the workplace. Students will learn about appropriate dressing etiquette, grooming, and personal hygiene habits. Additionally, they will be guided on how to write an effective CV, highlighting their strengths, skills, and achievements. This module will also cover the art of writing a compelling cover letter that showcases their interest in a particular job role.

Another crucial aspect of the programme is Group Discussion, where students will learn how to participate effectively in group discussions, think critically, and

express their opinions clearly. They will also be introduced to SWOT Analysis, a tool that helps individuals identify their strengths, weaknesses, opportunities, and threats in various aspects of life. Finally, the programme covers Reasoning aptitude tests, which are commonly used in many job applications to assess logical reasoning and problem-solving skills.

Throughout the 60-hour training programme, students will have ample opportunities to interact with industry experts, peer learners, and trainers who will guide them throughout their learning journey. The training is designed to be engaging, interactive, and hands-on, with practical exercises and role-plays to help students apply their learning in real-life situations. Upon completion of the programme, students will be equipped with the necessary skills and confidence to excel in their future careers and make a positive impact in their chosen profession. In summary, the 60 Hours Short Term Employability Training programme on Personality Development & Soft Skills is an invaluable opportunity for college students to develop essential skills that are highly valued by employers worldwide. By completing this programme, students will gain a competitive edge in the job market, enhance their career prospects, and become more confident and employable individuals. The programme also offers a range of assessment tools and feedback mechanisms that help students track their progress and identify areas for improvement. Feedback form as well as Job Interest form (अभिरुचि फार्म) will be collected from the participants accordingly on the basis of their job interests and after carefully analyzing their feedbacks, the next programme will be designed.

## Programme Objectives:

The Training Programme has certain objectives which are as under:

1. To equip students with effective Communication Skills.
2. To provide students with basic computer literacy skills, including MS word, Excel and effective Power Point Presentation to enhance their employability.
3. To help students prepare for job interviews by practicing common interview questions, developing a positive body language, and learning how to answer questions effectively.
4. To teach students about appropriate dressing etiquette, grooming, and personal hygiene habits to make a good impression in the workplace.
5. To guide students on how to write a good CV and cover letter for job.
6. To enable students to participate effectively in group discussions, think critically, analyze problems and express their opinions clearly.
7. To teach students how to identify their (SWOT) strengths, weaknesses, opportunities, and threats.
8. To help students improve their logical reasoning and problem-solving skills through practice exercises and assessments.

9. To equip students with the necessary skills and confidence to excel in their future careers, make a positive impact in their chosen profession, and become more competitive in the job market.

## Proposed Outcome of the Programme:

After the successfully attending of the programme the students will be able to:

- Articulate their thoughts clearly and confidently.
- Use technology effectively for communication and data analysis.
- Prepare for job interviews and answer questions effectively
- Demonstrate a professional dressing sense
- Create an effective CV and cover letter
- Think critically and solve problems effectively
- Participate effectively in group discussions
- Apply SWOT analysis in personal and professional life.
- Improve their logical reasoning and problem-solving skills
- Enhance their overall employability

## Registration:

There is no registration fee for this Short Term Employability Training Programme on Personality Development & Soft Skills. This training programme is sponsored by the Department of Higher Education, Govt. of Madhya Pradesh under the scheme of Swami Vivekananda Career Guidance Cell under scheme no. 7851 for the First Quarterly of the Academic Career Calendar session 2024-25.

## Target Participants:

The short term Employability Training Programme on Personality Development & Soft Skills is open for all the students of UG & PG classes but it is especially encouraged to UG Second Year & Third Year students. This training program is designed for students who are looking to enhance their employability, improve their performance in the workplace, or transition to a new career.

## Programme Schedule & Contact hours:

The 60-hour training program is divided into six modules, each focusing on a specific aspect of personality development and soft skills:

| | |
|---|---|
| Module 1: संचार कौशल (Communication Skills) – | 10 hours |
| Module 2: संगणक कौशल (Computer Skills): MS Word, Excel & PPT - | 15 Hours |
| Module 3: मॉक साक्षात्कार (Mock Interview) – | 06 hours |

Module 4: औपचारिक पहनावा (Formal Dressing Sense) – 02 hours

Module 5: सी.वी. (CV) कैसे (How to create perfect C.V.)- 08 hours

Module 6: समूह चर्चा (Group Discussion) - 04 hours

Module 6: भाषा कौशल (Language Skills) – 05 hours

Module 6: SWOC/SWOT Analysis, Aptitude Reasoning &

Data Interpretation & Mathematical Aptitude- 10 hours

**Trainers/Subject Experts/Resource Persons:**

The Trainers/Subject Experts/Resource Persons for the programme consists of Internal Faculty Members as well as Outside Experts from various Colleges and Local Govt. Offices. The list of subject experts is given in the programme schedule page.

**Certification:**

Upon actively participating and successfully completing of the 60 Hours Short Term Employability Training program on Personality Development & Soft Skills, all the registered participants (students) will be provided the Certification from college- Pradhanmantri College of Excellence, Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP). This certification is recognized by employers across various industries as a mark of excellence in personality development and soft skills.

## 60 Hours Short Term Employability Training programme

## on

## Personality Development & Soft Skills

(15-29 July, 2024)

## Programme Schedule (Proposed)

| Sl. No. | Topic | Date | Timing | Name & Designation of Resource Person |
|---|---|---|---|---|
| | Inaugural Session | 15.07.2024 | 10:00 am to 10:30 am | ********** |
| 1. | संचार कौशल (Communication Skills) | 15.07.2024 | 10:30 am to 3:30 pm | Ms. Meenakshi Yadav, Assistant Professor (English), Govt. College Timarni, Harda |
| 2. | संचार कौशल (Communication Skills) | 16.07.2024 | 10:30 am to 1:00 pm | Dr. Sadiya Patel, Assistant Professor, Govt. College Timarni, Distt. Harda (MP) |
| | संचार कौशल (Communication Skills) | 16.07.2024 | 1:00 pm to 3:30 pm | Dr. Nirmala Dongre, Assistant Professor (Economics), Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) |
| 3. | संगणक कौशल (Computer Skills): MS Word, Excel, Power Point | 18.07.2024 | 10:30 am to 3:30 pm | Dr. G.L. Dawar, Assistant Professor, Govt. College Sirali, Harda (MP) |
| 4. | संगणक कौशल (Computer Skills): MS Word, Excel, Power Point & Email Writing | 19.07.2024 | 10:30 am to 1:00 pm | Dr. Mahendra Tadwal, Assistant Professor (Pol. Science), Govt. College Timarni, Harda |
| | संगणक कौशल (Computer Skills): MS Word, Excel, Power Point | 19.07.2024 | 1:00 pm to 3:30 pm | Dr. Dharmendra Kumar Kori, Assistant Professor (Hindi), Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) |
| 5 | संगणक कौशल (Computer Skills): MS Word, Excel, Power Point | 20.07.2024 | 10:30 am to 3:30 pm | Dr. Anil Gupta, CEDMAP, Harda (MP) |
| 6 | मॉक साक्षात्कार (Mock Interview) | 22.07.2024 | 10:30 am to 1:00 pm | Shri. Vikas Sahu , Nayab Tehsildaar, Harda (MP) |
| 7. | मॉक साक्षात्कार (Mock Interview) | 22.07.2024 | 1:00 pm to 3:30 pm | Dr. C.P. Gupta, Assistant Professor (History), Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) |
| 8. | औपचारिक पहनावा (Formal Dressing Sense) | 23.07.2024 | 10:30 am to 1:00 pm | Dr. Deepika Sethe, Assistant Professor (Home Science), Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) |
| 9. | सी.वी. (CV) कैसे (How to create perfect C.V.) | 23.07.2024 | 1:00 pm to 3:30 pm | Dr. Barkha Jaisawal, Principal, Govt. College Khirkiya, Distt. Harda (MP) |
| 10. | सी.वी. (CV) कैसे (How to create perfect C.V.) | 24.07.2024 | 10:30 am to 3:30 pm | Dr. Rakesh Singh Paraste, TPO/Assistant Professor (English), Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) |
| 11. | समूह चर्चा (Group Discussion) | 25.07.2024 | 10:30 am to 1:00 pm | Dr. Shitika Barkale, Govt. Guest. Faculty & Member, SVCGS, Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) |
| | समूह चर्चा (Group Discussion) | 25.07.2024 | 1:00 am to 3:30 pm | Dr. Dheera Shah, Distt. Nodal Officer (SVCGS) Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) |
| 12. | भाषा कौशल (Language Skills) | 26.07.2024 | 10:30 am to 1:00 pm | Dr. Rashmi Singh, Assistant Professor (Economics), Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) |
| 13. | भाषा कौशल (Language Skills) | 26.07.2024 | 1:00 pm to 3:30 pm | Dr. Anil Mishra, Assistant Professor (Pol. Science), Vishnu Rajoriya College, Khirkiya, Distt. Harda (MP) |
| 14. | SWOC/SWOT Analysis | 27.07.2024 | 10:30 am to 1:00 pm | Dr. Durgesh Telee, Assistant Professor (Pol. Science), Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) |
| 15. | Aptitude Reasoning | 27. 7.2024 | 1:00 pm to 3:30 | Mr. Yashwant Alava, Assistant Professor (Commerce), Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) |
| 16. | Data Interpretation & Mathematical Aptitude | 29.07.2024 | 10:30 am to 1:00 pm | Dr. Sangeeta Biley, Principal, Swami Vivekananda Govt. P.G. College, Harda (MP) |
| Valedictory Session | | | 1:30 pm to 3:30 | *********** |

Note: 15 minutes break

**Dr. Rakesh Singh Paraste** — **TPO (SVCGS)**
**Dr. Anil Gupta** — **CEDMAP**
**Dr. Dheera Shah** — **Distt. Nodal Officer (SVCGS)**
**Dr. Sangeeta Biley** — **Principal**

**Organizing Committee Members**
**&**
**Staff of Swami Vivekananda Career Guidance Cell Harda**

**Dr. Sangeeta Biley.** Principal & Patron of the Training Programme

**Dr. Dheera Shah, Distt.** Nodal Officer- Harda (SVCGS) & Organizing Secretary

**Dr. Rakesh Singh Paraste,** Assistant Professor of English & TPO (SVCGS) & Course Coordinator

**Dr. Deepika Sethe,** Assistant Professor of Home Science & Member (SVCGS)- Co-coordinator

**Dr. Durgesh Telee,** Assistant Professor of Political Science & Member (SVCGS) - Co-coordinator

**Dr. Shitika Barkale,** Govt. Guest Faculty (Zoology) & Member (SVCGS)

**Sh. Amit Kumar Verma,** Computer Operator (Janbhagidari)






**Programme Report**

**(Date wise)**

**of**

# 60 Hours Short Term Employability Training programme on Personality Development & Soft Skills

under

Swami Vivekananda Career Guidance Scheme

(Scheme No. 7851)

Session: 2024-25

**(15.07.2024 to 29.07.2024)**

दिनांक 15/07/2024

# व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल्स विषय पर 60 घंटे की अल्पावधि प्रशिक्षण का उद्घाटन एवं शुभारंभ

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजनांतर्गत योजना क्रमांक 7851 के तहत सत्र 2024-25 के लिए "व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल" विषय पर 60 घंटे की (Hours) अल्पावधि रोजगारोन्मुखी/स्व-रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 15.07.2024 से 29.07.2024 तक आयोजित किया जा रहा है।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत आज दिनांक **15.07.2024** को प्रचार्य महोदया की अध्यक्षता में किया गया तथा प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में प्रचार्य महोदया द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की उपयोगिता तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाए दी गईं। प्रशासनिक अधिकारी श्री व्ही के विछोतिया ने बेहतर करियर बनाने एवं इस प्रकार के कार्यक्रमों मे विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित किया। कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की जिला नोडल अधिकारी डॉ. धीरा शाह द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम की भूमिका एवं उपयोगिता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

उद्घाटन सत्र के उपरांत प्रशिक्षण के पहले दिन संचार कौशल विषय पर प्रशिक्षण हेतु विषय विशेषज्ञ के रूप मे डॉ. सादिया पटेल, सहायक प्राध्यापक (रसायन विज्ञान), शासकीय महाविद्यालय टिमरनी, जिला हरदा को आमंत्रित किया गया जिन्होंने प्रशिक्षण के दौरान प्रेजेंटेशन के माध्यम से संचार कौशल पर बोलते हुए विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण पहलूओं पर प्रकाश डाला जिसमें उन्होंने लिखित एवं मौखिक संचार सहित आत्म विश्वास, व्यक्तित्व विकास एवं संचार की उपयोगिता एवं महत्व पर सारगर्भित प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ राकेश परस्ते टीपीओ , डॉ दीपिका सेठे, डॉ दुर्गेश तेली, श्री अमित वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत लगभग 200 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए तथा महाविद्यालय के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम में 60 घंटे की होगी जो कि पूर्णत: निशुल्क है और दो सप्ताह तक लगातार जारी रहेगी। इसमें बाह्य एवं आंतरिक विषय-विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न रोजगारोन्मुखी विषयों जैसे सही प्रारूप में रिज्यूम/सी.वी. बनाना, संप्रेषण कौशल, औपचारिक पहनावा, समूह चर्चा, मॉक इंटरव्यू, भाषा कौशल, कंप्यूटर स्किल्स एवं स्वॉट एनालिसिस, एप्टीट्यूड, रीजनिंग इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों पर अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम के गतिविधियाँ, फोटोग्राफस एवं न्यूज़ पेपर कटिंग संलग्न हैं:-

# व्यक्तित्व विकास को लेकर दिया प्रशिक्षण



**अनोखा तीर, हरदा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजनांतर्गत व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल विषय पर 60 घंटे की अल्पावधि पर रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण की शुरुआत सोमवार को प्रचार्य की अध्यक्षता में की गई तथा प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में प्रचार्य द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की उपयोगिता तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाए दी। प्रशासनिक अधिकारी व्हीके बिछोतिया ने बेहतर करियर बनाने एवं इस प्रकार के कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित किया। कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की जिला नोडल अधिकारी डॉ. धीरा शाह द्वारा प्रशिक्षण की भूमिका एवं उपयोगिता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। उद्घाटन सत्र के उपरांत प्रशिक्षण के पहले दिन संचार कौशल विषय पर प्रशिक्षण हेतु विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सादिया पटेल, सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय टिमरनी को आमंत्रित किया। जिन्होंने प्रशिक्षण के दौरान प्रेजेंटेशन के माध्यम से संचार कौशल पर बोलते हुए विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण पहलूओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने लिखित एवं मौखिक संचार सहित आत्म विश्वास, व्यक्तित्व विकास एवं संचार की उपयोगिता एवं महत्व पर सारगर्भित प्रशिक्षण प्रदान किया गया।


वर्ष-21 ■ अंक-342 ■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00
भोपाल
■ बुधवार ■ 17 जुलाई 2024
आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत्-2081
E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
inmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

दैनिक **समय जगत**

भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in







### विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की उपयोगिता तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए दी शुभकामनाएं

## व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल्स विषय पर प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**समय जगत, हरदा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा द्वारा उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजनांतर्गत सत्र 2024-25 के लिए व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल विषय पर 60 घंटे की अल्पावधि रोजगारोन्मुखी/स्व-रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य महोदया की अध्यक्षता में किया गया तथा प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य महोदया द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की उपयोगिता तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाए दी। प्रशासनिक अधिकारी व्ही के विछोतिया ने बेहतर करियर बनाने एवं इस प्रकार के कार्यक्रमों मे विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित किया । कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की जिला नोडल अधिकारी डॉ. धीरा शाह द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम की भूमिका एवं उपयोगिता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। उद्घाटन सत्र के उपरांत प्रशिक्षण के पहले दिन संचार कौशल विषय पर प्रशिक्षण हेतु विषय विशेषज्ञ के रूप मे डॉ. सादिया पटेल, सहायक प्राध्यापक (रसायन विज्ञान), शासकीय महाविद्यालय टिमरनी, जिला हरदा को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने प्रशिक्षण के दौरान प्रेजेंटेशन के माध्यम से संचार कौशल पर बोलते हुए विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण पहलूओं पर प्रकाश डाला, जिसमें उन्होंने लिखित एवं मौखिक संचार सहित आत्म विश्वास,व्यक्तित्व विकास एवं संचार की उपयोगिता एवं महत्व पर सारगर्भित प्रशिक्षण प्रदान किया गया । कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ राकेश परस्ते टीपीओ, डॉ दीपिका सेठे, डॉ दुर्गेश तेली, अमित वर्मा द्वारा किया गया । कार्यक्रम में प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत लगभग 200 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए तथा महाविद्यालय के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 60 घंटे की होगी जो कि पूर्णतः निशुल्क है और दो सप्ताह तक लगातार जारी रहेगी। इसमें बाह्य एवं आंतरिक विषय-विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न रोजगारोन्मुखी विषयों जैसे सही प्रारूप में रिज्यूम/ सी.वी.बनाना, संप्रेषण कौशल, औपचारिक पहनावा, समूह चर्चा, मॉक इंटरव्यू, भाषा कौशल, कंप्यूटर स्किल्स एवं स्वॉट एनालिसिस, एप्टीट्यूड, रीजनिंग इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों पर अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।




GPS Map Camera
Google
Harda, Madhya Pradesh, India
83VQ+QXG, Harda, Madhya Pradesh 461331, India
Lat 22.344558°
Long 77.089864°
15/07/24 12:19 PM GMT +05:30




Harda
हरदा
SINDHI COLONY
सिन्धी कॉलोनी
GOLAPURA
Google
83VQ+QXG, Harda, Madhya Pradesh 461331, India
Harda
Madhya Pradesh
India
2024-07-15(Mon) 12:37(pm)
34°C
93°F



Narmadapuram Division, Madhya Pradesh


दिनांक 16.07.2024

## <u>द्वितीय दिवस</u>

प्रशिक्षण के दूसरे दिवस में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. मीनाक्षी यादव , सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी), शासकीय महाविद्यालय टिमरनी, जिला हरदा को आमंत्रित किया गया जिन्होंने प्रशिक्षण के दौरान संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जिसमे कि मौखिक संचार, अमौखिक , लिखित एवं दृश्य/ संचार तथा (सॉफ्ट स्किल) साथ ही साथ उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी बताया की बातचीत के दौरान व संचार में भाषा की उपयोगिता क्या है। वर्तमान समय में अधिकतर वार्तालाप व्हाट्स एप्प एवं माध्यम से ज्यादा की जाती है जिसमें ज्यादातर संक्षिप्त शब्दों का प्रयोग किया जा रहा हैं जिसमें बहुत त्रुटियां रहती हैं, इसके बारे में भी विशेष सावधानी बरतने हेतु विषय विशेषज्ञ ने सलाह दी क्योंकि आगे चलकर यही शब्द प्रचलित होते चले जाते हैं और हम दैनिक वार्तालाप में प्रयोग करते चले जाते हैं। इसलिए हमें सही और नैतिकता से पूर्ण शब्दों का प्रयोग करने का प्रयास करना चाहिए। प्रभावी संचार कौशल हेतु विद्यार्थियों के लिए निर्मित कक्षावार व्हाट्स एप्प ग्रूप में शिक्षकों से संवाद करने के सही तरीके आदि को उदाहरण सहित समझाया गया। प्रशिक्षण सत्र के अंत में विषय विशेषज्ञ द्वारा मूल्यांकन टेस्ट भी लिया गया तथा सभी विद्यार्थियों से फीडबैक एकत्रित किया गया। प्रशिक्षण सत्र अत्यंत ही उपयोगी एवं ज्ञानवर्धन रहा उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में 200 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा सक्रिय सहभागिता की जा रही हैं।

कार्यक्रम के फोटोग्राफ़स संलग्न हैं।










दिनांक 18/07/2024

## तृतीय दिवस

प्रशिक्षण के तीसरे दिवस में विषय विशेषज्ञ के रूप मे डॉ धर्मेन्द्र कोरी, सहायक प्राध्यापक (हिन्दी), प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा को आमंत्रित किया गया जिन्होंने प्रशिक्षण के दौरान कम्प्यूटर स्किल विषय पर हैंड्स ऑन प्रेक्टिस कराते हुए कंप्यूटर के बेसिक जैसे एमएस वर्ल्ड ,एमएस इक्सेल एवं पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन बनाना सिखाया और कॉपी पेस्ट टायपिंग, लेटर शॉर्ट कमांड, विंडो, हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की I प्रशिक्षण सत्र अत्यंत ही उपयोगी एवं ज्ञानवर्धन रहा I उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सक्रिय सहभागिता की जा रही हैं I कार्यक्रम के फोटोग्राफ़स संलग्न हैं।






दिनांक 19-07-2024

## <u>चतुर्थ दिवस</u>

प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस में प्रशिक्षण हेतु विषय विशेषज्ञ के रूप मे डॉ. कैलाश सोलंकी, सहायक प्राध्यापक (समाज शास्त्र), स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा को आमंत्रित किया गया जिन्होंने प्रशिक्षण के दौरान कंप्यूटर स्किल के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों को PPT के माध्यम से प्रभावशाली presentation बनाने, स्लाईड बनाने, कलर पेज, डीजाईन, पेज सेटिंग लेआउट, स्पेस तथा फॉण्ट सेटिंग जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर हैंड्स ऑन प्रेक्टिस कराया इसके अलावा उन्होंने एक्सेल, पावर पॉइंट, तथा माइक्रो सॉफ्ट वर्ल्ड इत्यादि के बारे मे भी विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा उपयोगी अत्यंत ही महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण मे 150 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए तथा महाविद्यालय के अन्य स्टॉफ भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के फोटोग्राफ़स संलग्न हैं।





दिनांक: 20.07.2024

## पंचम दिवस

प्रशिक्षण के पंचम दिवस में आमंत्रित विषय विशेषज्ञ डॉ. दुर्गेश तेली, सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान), प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा ने SWOT Analysis विषय पर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान किया। और सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने अंदर की ताकत को पहचाने और अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करके अपनी कमजोरी को दूर करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें तथा साथ ही साथ यह भी बताया की अपनी सफलता के लिए अवसर की तलाश कैसे करें। अपने लक्ष्य को हासिल करने मे अगर कोई कठनाई आती है तो उन कठनाईयों का समाधान कैसे करें जिससे कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके। प्रशिक्षण सत्र चर्चा से परिपूर्ण, उपयोगी एवं ज्ञानवर्धन रहा। प्रशिक्षण सत्र में विद्यार्थियों द्वारा सवाल पूछे गए जिनका जवाब देते हुए विद्यार्थियों को संतुष्ट किया गया। प्रशिक्षण मे 150 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए तथा महाविद्यालय के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के फोटोग्राफ़स संलग्न हैं।






दिनांक -22.07.2024

## <u>छठवें दिवस</u>

प्रशिक्षण के छठवें दिवस में प्रशिक्षण हेतु विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ सी.पी. गुप्ता, सहायक प्राध्यापक (इतिहास विभाग), प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा को आमंत्रित किया गया जिन्होंने साक्षात्कार की बारीकियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि साक्षात्कार को अंग्रेजी में इंटरव्यू कहते हैं जिसका शाब्दिक अर्थ होता है अपने अंदर तक झांक कर देखना अर्थात आप अपना बायोडाटा पूरी ईमानदारी से तैयार कर प्रस्तुत करें। साक्षात्कार के

प्रारंभ में बेसिक सवाल पूछे जाते हैं, जिनका उद्देश्य आपको रिलैक्स करना होता है और साथ ही इन बेसिक सवालों से अगले प्रश्नों की दिशा निर्धारित होती है। सामान्य परिचय के दौरान पूछे गए प्रश्नों के उत्तर इस प्रकार से दें जिससे कि आपके मजबूत पक्ष की ओर बोर्ड के सदस्य मुड़ जाएं और आपके मन मुताबिक प्रश्न करें और आप उन्हें संतुष्ट कर सकें।

साक्षात्कार में कुछ बेसिक सवाल जरूर पूछे जाते हैं और उनका आधार प्रतिभागी का स्वयं का बायोडाटा होता है जैसे- अपना नाम, निवास स्थान, ईमेल आईडी इत्यादि इसलिए इन बेसिक प्रश्नों की सूची तैयार करें और साथ ही अपने सहयोगियों से भी इनसे बनने वाले प्रश्नों और प्रति-प्रश्नों को सूचीबद्ध करवाएं और उनके उत्तर भी तैयार करें। यदि आप प्राइवेट कंपनी में जॉब के लिए जाते हैं और यदि आपने पूर्व में किसी कंपनी में काम किया है, तो उसकी जानकारी जरूर प्रस्तुत करें, नई कंपनी से आप क्या उम्मीदें रखते हैं और कंपनी आपसे क्या उम्मीद कर सकती है। इनके जवाब सटीक देने चाहिए साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि साक्षात्कार के दौरान जितना पूछा जाए और जो पूछा जाए उसी का जवाब दें। कोई भी अनावश्यक या झूठी बात ना रखें, क्योंकि साक्षात्कार बोर्ड में बैठे हुए व्यक्तियों में से एक मनोवैज्ञानिक भी हो सकता है और उनके पास काफी लंबा अनुभव होता है। साथ ही आपको आत्मविश्वास से भरपूर होना चाहिए, बोर्ड के सदस्यों से आंख में आंख मिलाकर बात करना चाहिए, पूछे गए प्रश्नों का सटीक और उदाहरण के साथ जवाब देना बेहतर होता है। यदि किसी प्रश्न का जवाब ना मालूम हो तो समय बर्बाद करने से अच्छा है कि सॉरी कह कर अगले प्रश्न का इंतजार करें।

उन्होंने साक्षात्कार के दौरान आने वाली कठिनाइयां से बचने के लिए विस्तार से बताया। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं, सरकारी व निजी विभागो जेसे राज्य व केन्द्रीय प्रशासनिक सेवा में होने वाले साक्षात्कार तथा निजी कॉम्पनियों मे होने वाले साक्षात्कारों के अंतर को स्पष्ट किया। विद्यार्थियों को ड्रेसअप और कंपनी की बेसिक जानकारी अवश्य रखना है. साक्षात्कार देने से पहले कुछ टिप्स बताए जो इंटरव्यू को सफल बनाएंगे।

साक्षात्कार के दौरान जिन भी सवालों का जवाब दें पूरे कॉन्फिडेंस के साथ दें। जवाबों में सकारात्मक, रचनात्मक और मूल्यपरक सोच झलकनी चाहिए। इंटरव्यूअर को ऐसा लगना चाहिए कि आपका ध्यान साक्षात्कार पर ही है। साक्षात्कार के लिए हमेशा थोड़ा पहले पहुंचें जिससे कि हडबड़ी और तनाव से बच सकेंगे और अपने आप को मानसिक तौर पर भी इंटरव्यू के लिए पूरी तरह से तैयार कर सकेंगे। इसके अलावा यह आदत इंटरव्यूअर पर भी सकारात्मक असर डालती है। प्रशिक्षण सत्र चर्चा से परिपूर्ण एवं उपयोगी रहा प्रशिक्षण मे 200 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए और विद्यार्थियों की जिज्ञासा स्पष्ट रूप से उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों में परिलक्षित हो रही थी इस सत्र में महाविद्यालय के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के फोटोग्राफ़स संलग्न हैं।



दिनांक: 23.07.2024

## सातवें दिवस का प्रशिक्षण

### प्रथम सत्र:-


प्रशिक्षण के सातवें दिवस में दो सत्र का आयोजन किया गया I प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में डॉ. दीपिका सेठे, सहायक प्राध्यापक (गृह विज्ञान), प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा को विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया I डॉ. दीपिका सेठे के द्वारा विद्यार्थियों को ओपचरिक पहनावे के बारे मे बताया कि शारीरिक पहनावा व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास के लिए उसी तरह से आवश्यक है जिस प्रकार से की रोटी कपड़ा मकान एक व्यक्ति के जीवन मे आवश्यक है उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया की अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रमों तथा त्योहार में किस प्रकार पहनावा होना चाहिए इसके अलवा अलग विभागों में साक्षात्कार के लिये अगर विद्यार्थी जाए तो कैसा पहनावा होना चाहिए I इस प्रकार औपचारिक पहनावा के बारे विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई ।

### द्वितीय सत्र:-

प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में सुश्री बरखा जायसवाल, प्राचार्य एवं सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य), शासकीय महाविद्यालय खिरकिया, जिला हरदा को आमंत्रित किया गया उन्होंने हाउ टू क्रिएट ए गुड सी.वी. विषय पर विद्यार्थियों को बताया कि एक बेहतर सीवी कैसे बनाए एवं यह भी बताया की C.V. ओर रिज्यूम के

अंतर को समझाया और तथा सीवी बहुत ही गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए और यह भी बताया की सीवी मे स्पेलिंग, ग्रामर का ध्यान’रखे उन्होंने PPT के माध्यम से विस्तार से जानकारी देते हुए बताया की सीवी बनाने का उद्देश्य व गुणवत्ता के बारे मे जानकारी दी  तथा उन्होंने विद्यार्थियों को रोजगार के क्षेत्र में  सी. वी. के महत्व को समझाया एवं एक गुणवत्तापूर्ण सी.वी. कैसे बनायें I इसके बारे में अत्यंत ही उपयोगी जानकारी विस्तारपूर्वक प्रदान की तथा सीवी के महत्व को स्पष्ट किया। प्रशिक्षण के’दोनों सत्र चर्चा से परिपूर्ण, उपयोगी एवं  ज्ञानवर्धन रहा।  प्रशिक्षण में 200 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए और महाविद्यालय के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम के फोटोग्राफ़स संलग्न हैं।









दिनांक: 24.07.2024

## <u>आठवें दिवस</u>

प्रशिक्षण के आठवे दिन प्रशिक्षण हेतु विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ अनिल गुप्ता, जिला समन्वयक सेडमेप **(CEDMAP)** जिला हरदा को आमंत्रित किया गया। डॉ. गुप्ता ने प्रशिक्षण के दौरान कंप्यूटर स्किल के बारे मे विद्यार्थियों को माइक्रो सॉफ्ट वर्ल्ड के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया जिसके अंतगर्त उन्होंने शार्ट कमांड जैसे **cut** ,copy, **paste** और **undo** डिलीट इन्सर्ट की–बोर्ड की जानकारी व टेबल बनाना, टायपिंग स्किल के बारे में बताया I उन्होंने प्रेजेंटेशन के माध्यम से एमएस एक्सेल में टेबल बनाना, मार्कशीट बनाना, फाइन्ड रिप्लेस, फार्मूले, फ़िल्टर आदि महत्वपूर्ण बेसिक्स का उपयोग बताया एवं पावर पॉइंट में स्लाईड बनाना, शीट तैयार करना व पावर पॉइंट में **presentation** बनाना बताया तथा कंप्युटर के उपयोग होने वाले महत्व पूर्ण सॉफ्टवेयर व हार्डवेयर के वारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया गया I प्रशिक्षण सत्र अत्यंत ही उपयोगी एवं ज्ञानवर्धन रहा Iउक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सक्रिय सहभागिता की गई I प्रशिक्षण मे 200 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए और महाविद्यालय के अन्य स्टॉफ भी उपस्थित रहे । कार्यक्रम के फोटोग्राफ़स संलग्न हैं।




दिनांक: 25.07.2024

## नौवें दिवस


### प्रथम सत्र:-

प्रशिक्षण के नौवें दिवस में दो प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. शीतिका बरकले, अतिथि विद्वान (प्राणी शास्त्र), प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा को आमंत्रित किया गया। डॉ. शीतिका बरकरले ने समूह चर्चा (Group Discussion) पर व्यख्यान दिया गया जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को समूह चर्चा के महत्व व उद्देश्य को समझाते हुए कुशल संचार व भाषा कौशल के महत्व को भी समझाया। समूह चर्चा में इन सभी आयामों का किस प्रकार महत्व है तथा किसी भी रोजगार व साक्षात्कार के दौरान होने वाले समूह चर्चा के महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने समूह चर्चा के दौरान नेतृत्व क्षमता, सामूहिक कार्य, व्यक्तित्व विकास एवं स्वयं पर विश्वास होने तथा घबराहट ना होने, इन सभी पहलुओ के बारे में विस्तारपूर्वक विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की।

### द्वितीय सत्र:

प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में डॉ. महेंद्र कुमार सिरोही, प्राचार्य एवं सहायक प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय , रहटगाव ने प्रशिक्षण के दूसरे सत्र मे ने समूह चर्चा (Group Discussion) पर व्यख्यान देते हुए इन्होंने भी कई अन्य महत्वपूर्ण आयामों के बारे मे विद्यार्थियों को बताते हुए "body language" को विस्तारपूर्वक समझाया उन्होंने निजी कॉम्पनियों में रोजगार के दौरान होने वाले समूह चर्चा को भी स्पष्ट किया। इसके अलवा पहनावे की महत्वता तथा समूह चर्चा को नई शिक्षा नीति कि आवश्यकता, इन सभी आयामों के बारे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण सत्र में विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए विद्यार्थियों को संतुष्ट किया गया। प्रशिक्षण के'दोनों सत्र चर्चा से परिपूर्ण, उपयोगी एवं ज्ञानवर्धन रहा। प्रशिक्षण में 150 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए और महाविद्यालय के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के फोटोग्राफ़स संलग्न हैं।






दिनांक -26 -07-2024

## दसवें दिवस

### प्रथम सत्र:

प्रशिक्षण के दसवें दिवस में दो प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में डॉ. रश्मि सिंह (अर्थशास्त्र), प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा को आमंत्रित किया गया। डॉ. रश्मि सिंह ने "भाषा कौशल" विषय पर व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों को भाषा के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे मे जानकारी प्रदान की। उन्होंने श्रवणकौशल, भाषणकौशल, लेखन कौशल तथा वाचनकौशल, के बारे मे विस्तारपूर्वक विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। इसके अलावा उन्होंने शब्दों की उपयोगिता एवं उसके महत्व को स्पष्ट किया।

### द्वितीय सत्र:

प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में डॉ. अनिल मिश्रा ने "भाषा कौशल" पर प्रशिक्षण प्रदान किया। डॉ. मिश्रा ने प्रशिक्षण के दौरान भाषा की दार्शनिकता व नैतिक पक्ष के बारे में विद्यार्थियों को समझाया। उन्होंने प्लेटो तथा सुकरात जैसे विद्वानों का भी उदाहरण प्रस्तुत किया। भाषा कौशल को अध्यात्म के साथ जोड़कर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा भाषा कौशल में सांकेतिक भाषा की उपयोगिता को विस्तारपूर्वक समझाया। प्रशिक्षण के'दोनों सत्र चर्चा से परिपूर्ण, उपयोगी एवं ज्ञानवर्धन रहा। प्रशिक्षण मे 200 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए और महाविद्यालय के अन्य स्टॉफ भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के फोटोग्राफ़स संलग्न हैं।



दिनांक: 27.07.2024

# <u>ग्यारहवां दिवस</u>

## <u>प्रथम सत्र:</u>

प्रशिक्षण के ग्यारहवें दिवस में दो प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रथम सत्र मे डॉ यशवंत अलवा सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा को आमंत्रित किया गया। डॉ. यशवंत अलावा ने कंप्यूटर स्किल विषय पर हैंड्स ऑन प्रेक्टिस कराते हुए इंटरनेट, Gmail, Google Drive, web Browser इन सभी के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया गया।

## <u>द्वितीय सत्र:</u>

प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में श्री मनीष परसाई, अतिथि विद्वान (भौतिक शास्त्र) के द्वारा विद्यार्थियों को रीजनिंग एप्टीट्यूड के बारे मे जानकारी प्रदान की उन्होंने तार्किक रीजनिंग के बारे मे विद्यार्थियों को बताया की रीजनिंग का महत्व विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे कि बैंकिंग, रेलवे, एसएससी व अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओ में रीजनिंग से संबंधित पूछे जाने वाली महत्वपूर्ण प्रश्नों को हल करने की तकनीकोण के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया। प्रशिक्षण के'दोनों सत्र चर्चा से परिपूर्ण, उपयोगी एवं ज्ञानवर्धन रहा। प्रशिक्षण में 200 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए और महाविद्यालय के स्टॉफ भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के फोटोग्राफ़स संलग्न हैं।






दिनांक: 29.07.2024

# प्रशिक्षण का अंतिम दिवस एवं समापन समारोह

## प्रथम सत्र:

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले एवं डॉ. निर्मला डोंगरे के व्याख्यान सत्र के पश्चात समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में महाविद्यालय की प्रचार्य महोदया डॉ संगीता बिले द्वारा विद्यार्थियों को मेथेमेटिकल एप्टीट्यूड विषय पर व्याख्यान दिया गया जिसके अन्तर्गत उन्होंने बैंकिंग, रेल्वे, एसएससी आदि विभिन्न विभागों में आयोजित होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित की उपयोगिता को समझाते हुए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा प्रशिक्षण के दूसरे सत्र के दौरान डॉ निर्मला डोंगरे, सहायक प्राध्यापक के द्वारा विद्यार्थियों को संचार कौशल की आवश्यकता एवं महत्व के बारे मे विस्तारपूर्वक एवं सारगर्भित जानकारी प्रदान की तथा साथ ही साथ उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं मे पूछे जाने वाले डेटा इंटेरपरेटेशन विषय पर भी अत्यंत ही उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की। उक्त दोनों ही सत्र अत्यंत ही उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक रहे।

**समापन समारोह:**

समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. संगीता बिले एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री व्ही के विछोतिया द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की उपयोगिता एवं महत्व के बारे बताते हुए भविष्य मे बेहतर करियर बनाने एवं इस प्रकार के उपयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर शामिल होने के लिए प्रेरित, प्रोत्साहित एवं मार्गदर्शित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संक्षिप्त सारांश डॉ राकेश परस्ते, टीपीओ के द्वारा प्रस्तुत की गई। प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत एवं उपस्थित सभी विद्यार्थियों से फीडबैक फार्म एकत्रित कर उनसे मौखिक रूप से भी प्रतिक्रिया ली गई। सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता के लिए प्राचार्य डॉ. संगीता बिले एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री व्ही के विछोतिया के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. दुर्गेश तेली द्वारा किया गया। उक्त अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल संचालन करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के डॉ राकेश परस्ते टीपीओ, डॉ दीपिका सेठे, डॉ दुर्गेश तेली, श्री अमित वर्मा द्वारा किया गया। समापन समारोह मे प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत लगभग 200 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए तथा महाविद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के गतिविधियों. फोटोग्राफ्स एवं न्यूज़पेपर कटिंग संलग्न है:-


SINDHI COLONY
सिन्धी कॉलोनी
GOLAPURA
Mahesh cycle store
5, Man Market, Golapura, Harda, Madhya Pradesh 461331, India
Harda
Madhya Pradesh
India
25°C
77°F
2024-07-29(Mon) 12:03(pm)


Harda
हरदा
SINDHI COLONY
सिन्धी कॉलोनी
GOLAPURA
83VQ+QXG, Harda, Madhya Pradesh 461331, India
Harda
Madhya Pradesh
India
25°C
77°F
2024-07-29(Mon) 01:17(pm)


KUKRAWAD
83VQ+QXG, Harda, Madhya Pradesh 461331, India
Harda
Madhya Pradesh
India
25°C
77°F
2024-07-29(Mon) 12:21(pm)










# व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल... विषय पर दिया प्रशिक्षण

अनोखा तीर, हरदा।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय हरदा द्वारा व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल विषय पर स्व-रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल्स से संबंधित रोजगारपरक विषयों जैसे सही प्रारूप में रिज्यूम, सीवी बनाना, संप्रेषण कौशल, औपचारिक पहनावा, समूह चर्चा, मॉक इंटरव्यू, भाषा कौशल, कंप्यूटर स्किल्स एवं स्वॉट एनालिसिस, एप्टीट्यूड, रीजनिंग इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों पर अत्यंत ही उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले एवं डॉ. निर्मला डोंगरे के व्याख्यान सत्र के पश्चात समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रथम सत्र में महाविद्यालय की प्रचार्य डॉ.संगीता बिले द्वारा विद्यार्थियों को मेथेमेटिकल एप्टीट्यूड विषय पर व्याख्यान दिया गया। जिसके अन्तर्गत उन्होंने बैंकिंग, रेल्वे, एसएससी आदि विभिन्न विभागों में आयोजित होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित की उपयोगिता को समझाते हुए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा प्रशिक्षण के दूसरे सत्र के दौरान डॉ.निर्मला डोंगरे,



सहायक प्राध्यापक के द्वारा विद्यार्थियों को संचार कौशल की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक एवं सारगर्भित जानकारी प्रदान की। समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. संगीता बिले एवं प्रशासनिक अधिकारी व्हीके विछोतिया द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की उपयोगिता एवं महत्व के बारे बताते हुए भविष्य मे बेहतर करियर बनाने एवं इस प्रकार के उपयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर शामिल होने के लिए प्रेरित, प्रोत्साहित एवं मार्गदर्शित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के डॉ.राकेश परस्ते टीपीओ, डॉ.दीपिका सेठे, डॉ.दुर्गेश तेली, अमित वर्मा द्वारा किया गया।

दैनिक भास्कर हरदा 01-08-2024

दैनिक भास्कर
नर्मदापुरम, गुरुवार, 1 अगस्त, 2024 14

## अध्ययन, अभ्यास से प्रतियोगी परीक्षाओं में मिलेगी सफलता

### दो सौ विद्यार्थियों को कार्यशाला में दिए टिप्स



हरदा। कार्यशाल में मौजूद विशेषज्ञ व प्रशिक्षक।

हरदा| प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए 12 दिनी व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें प्रभारी प्राचार्य डॉ. संगीता बिले, डॉ. निर्मला डोंगरे ने सही प्रारूप में रिज्यूम, सीवी बनाना, संप्रेषण कौशल, औपचारिक पहनावा, समूह चर्चा, मॉक इंटरव्यू, भाषा कौशल, कंप्यूटर स्किल्स, एनालिसि, एप्टीट्यूड, रीजनिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी देकर बच्चों को नियमित अध्ययन और अभ्यास से ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक डॉ. निर्मला डोंगरे ने विद्यार्थियों को संचार कौशल का महत्व बताया। डेटा इंटरप्रेटेशन पर अत्यंत उपयोगी व ज्ञानवर्धक जानकारी दी। वीके बिछोतिया ने प्रशिक्षण की उपयोगिता बताते हुए भविष्य में बेहतर कॅरियर बनाने के प्रशिक्षण जरूरी है। इस दौरान डॉ. राकेश परस्ते, डॉ. दीपिका सेठे, डॉ. दुर्गेश तेली, अमित वर्मा ने रजिस्टर्ड 200 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया।

चौथा संसार 03
बुधवार 31 जुलाई 2024

# व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल पर अल्पावधि प्रशिक्षण समापन

हरदा, (निप्र)। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजनान्तर्गत प्रथम त्रैमास हेतु सत्र 2024-25 के लिए ह्वव्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किलह्व विषय पर 12 दिवसीय 60 घंटे की अल्पावधि रोजगारोन्मुखी स्व-रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

12 दिवसीय इस अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल्स से संबंधित रोजगारपरक विषयों जैसे कि सही प्रारूप में रिज्यूम/सी.वी. बनाना, संप्रेषण कौशल, औपचारिक पहनावा, समूह चर्चा, मॉक इंटरव्यू, भाषा कौशल, कंप्यूटर स्किल्स एवं स्वॉट एनालिसिस, एप्टीट्यूड, रीजनिंग इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों पर अत्यंत ही उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण, आमंत्रित विषय-विशेषज्ञों के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया । प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले एवं डॉ. निर्मला डोंगरे के व्याख्यान सत्र के पश्चात समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया डॉ संगीता बिले द्वारा विद्यार्थियों को मेथेमेटिकल एप्टीट्यूड विषय पर व्याख्यान दिया गया







**हरदा :** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजनान्तर्गत प्रथम त्रैमास हेतु सत्र 2024-25 के लिए "व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल" विषय पर 12 दिवसीय 60 घंटे की अल्पावधि रोजगारोन्मुखी/स्व-रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 15.07.2024 से 29.07.2024 तक आयोजित किया गया। 12 दिवसीय इस अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल्स से संबंधित रोजगारपरक विषयों जैसे कि सही प्रारूप में रिज्यूम/सी.वी. बनाना, संप्रेषण कौशल, औपचारिक पहनावा, समूह चर्चा, मॉक इंटरव्यू, भाषा कौशल, कंप्यूटर स्किल्स एवं स्वॉट एनालिसिस, एप्टीट्यूड, रीजनिंग इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों पर अत्यंत ही उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण, आमंत्रित विषय-विशेषज्ञों के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले एवं डॉ. निर्मला डोंगरे के व्याख्यान सत्र के पश्चात समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया डॉ संगीता बिले द्वारा विद्यार्थियों को मेथेमेटिकल एप्टीट्यूड विषय पर व्याख्यान दिया गया जिसके अन्तर्गत उन्होंने बैंकिंग, रेल्वे, एसएससी आदि विभिन्न विभागों में आयोजित होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित की उपयोगिता को समझाते हुए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा प्रशिक्षण के दूसरे सत्र के दौरान डॉ निर्मला डोंगरे, सहायक प्राध्यापक के द्वारा विद्यार्थियों को संचार कौशल की आवश्यकता एवं महत्व के बारे मे विस्तारपूर्वक एवं सारगर्भित जानकारी प्रदान की तथा साथ ही साथ उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं मे पूछे जाने वाले डेटा इंटरपरेटेशन विषय पर भी अत्यंत ही उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की । उक्त दोनों ही सत्र अत्यंत ही उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक रहे ।

समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. संगीता बिले एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री व्ही के विछोतिया द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की उपयोगिता एवं महत्व के बारे बताते हुए भविष्य मे बेहतर करियर बनाने एवं इस प्रकार के उपयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर शामिल होने के लिए प्रेरित, प्रोत्साहित एवं मार्गदर्शित किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम का संक्षिप्त सारांश डॉ राकेश परस्ते, टीपीओ के द्वारा प्रस्तुत की गई । प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत एवं उपस्थित सभी विद्यार्थियों से फीडबैक फार्म एकत्रित कर उनसे मौखिक रूप से भी प्रतिक्रिया ली गई । सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता के लिए प्राचार्य डॉ. संगीता बिले एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री व्ही के विछोतिया के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. दुर्गेश तेली द्वारा किया गया । कार्यक्रम का सफल संचालन करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के डॉ राकेश परस्ते टीपीओ, डॉ दीपिका सेठे, डॉ दुर्गेश तेली, श्री अमित वर्मा द्वारा किया गया। समापन समारोह मे प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत लगभग 200 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए तथा महाविद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

(डॉ. राकेश सिंह परस्ते)
टी.पी.ओ.
स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना

(डॉ. संगीता बिले)
प्राचार्य